दिनांक 25.10.2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

सड़क पर घूमने वाले मवेशियों की धरपकड़ जारी

भिलाईनगर। निगम क्षेत्र अंतर्गत सड़कों से घूमंतु मवेशियों को निगम की टीम अभियान चलाकर पकड़ रही है। इसी दौरान स्मृतिनगर में एक गाय को अज्ञात वाहन द्वारा चोटिल किए जाने की सूचना निगम टीम को प्राप्त हुई और निगम की टीम मौके पर पहुंचकर चोटिल गाय को मशक्कत के बाद काउ कैचर के माध्यम से श्रीकृष्ण गौशाला जीव रक्षा केन्द्र छातागढ़ में ले जाकर छोड़ा गया जहां गाय का ईलाज किया जा रहा है। आपको बता दे कि निगम ने सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त होने वाले पशुधन के लिए शहरी गोठान में पशु चिकित्सालय केन्द्र खोले जाने की स्वीकृति निगम द्वारा प्रदान कि गई है जिसके खुल जाने से दुर्घटना में घायल मवेशियों को गोठान में भी पर्याप्त ईलाज हो पाएगा।

निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर चलाए जा रहे शासन की योजना रोका छेका संकल्प अभियान अंतर्गत निगम भिलाई का दस्ता साक्षरता चौक , जवाहर मार्केट सब्जी मंडी , रामनगर, वैशालीनगर में पशुओं के सड़क पर बैठे होने की शिकायत सूचना पर दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और घूमंतू मवेशियों को पकड़ा गया। इसी प्रकार निगम की टीम बीते दो दिन में कोहका , सूर्या मॉल रोड, कोसा नगर, जीई रोड, सेक्टर एरिया, केम्प क्षेत्र सहित संपूर्ण निगम क्षेत्र में रोका छेका दल के कर्मचारी काउ-कैचर के साथ घूम घूम कर 46 घूमंतु मवेशियों को पकड़कर शहरी गौठान में रखा गया है , जहां पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में चारा पानी एवं रहने के लिए शेड की व्यवस्था है।